◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

BIHAR | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 23 नवम्बर 2026

स्थानीय

रजौली नगर पंचायत में सफाई कर्मियों ने हड़ताल समाप्त, EPF जमा का वादा



रजौली नगर पंचायत में पिछले तीन दिनों से अपनी EPF व ESIC की बकाया राशि न मिलने के कारण सफाई कर्मियों ने हड़ताल कर रखी थी। ठेकेदार के साथ हुई बातचीत के बाद सोमवार से साफ-सफाई का कार्य फिर से शुरू होगा।

सफाई एजेंसी के ठेकेदार ने 15 दिनों के भीतर बकाया EPF जमा करने का आश्वासन दिया, जिससे कर्मियों ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया। इस आश्वासन के बाद उन्होंने अपने कार्यस्थल पर लौटने की सहमति व्यक्त की।

हड़ताल समाप्ति के बाद कर्मियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई और नगरवासियों को साफ-सफाई की पुनः शुरुआत की आशा हुई।

अब देखना होगा कि ठेकेदार अपने वादे को समय पर पूरा करता है या नहीं; यदि नहीं तो आगे की कार्रवाई की संभावना बनी रहेगी।

— Ramlakhan Kumar

राजनीति

जदयू एमएलसी खालिद अनवर का बड़ा बयान



पुर्वी चंपारण से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

.जदयू एमएलसी खालिद अनवर का एक बार फिर एक बड़ा बयान सामने आया है , एमएलसी खालिद अनवर ने कहा कहा है कि कुछ लोग संविधान छोड़ कर बुल्डोजर से इस मुल्क को चलाना चाहते है पर ऐसा होने नहीं दिया जाएगा ।

एमएलसी के द्वारा मोतिहारीं में पैगामे आजाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम तबका भाग लिया था । वही इस मौके पर देश के विभिन्न हिस्से से आए लोगो ने गंगा यमुनी तहजीब को सुरक्षित रखने की बात कही । वही इस कार्यक्रम में जदयू एमएलसी ने जो बयान दिया उसकी चर्चाए जोरो पर है ।

बाईट

खालिद अनवर .एमएलसी जदयू

बाईट जाहिर काजी पद्मश्री सदर अंजुमन इस्लाम मुम्बाई

— Awanish Kumar

स्थानीय

नवादा में पल्स पोलियो अभियान का आरम्भ, 4.71 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिंदगी की खुराक



नवादा जिले में 22 से 26 नवंबर 2026 तक पल्स पोलियो अभियान का आरम्भ हुआ। इस अभियान का उद्देश्य पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिले के सभी प्रखंडों में घर-घर जाकर टीकाकरण करेंगी।

कुल 4,24,892 घरों को लक्षित करते हुए 4,71,469 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्य के लिये 2,375 टीकाकर्मियों को लगाया गया है, जिनके साथ 1,010 ए-टीम, 120 ट्रांजिट टीम, 25 मोबाइल टीम, 345 पर्यवेक्षक और 52 सब-डिपो की व्यवस्था की गई है।

अभियान के दौरान जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, सदर अस्पताल के चिकित्सक एवं प्रबंधक, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एसएमओ-डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, पिरामल तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे पाँच वर्ष तक के हर बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएँ और घर पहुँचने वाली स्वास्थ्य विभाग की टीमों को सहयोग करें, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रह जाए और नवादा जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के प्रयासों को मजबूती मिले।

— Ramlakhan Kumar

राजनीति

सासाराम में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने वोट रक्षक का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



सासाराम से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

आज सासाराम में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने वोट रक्षक का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। आज से कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता विभिन्न मतदान केंद्र पर वोट रक्षक का प्रशिक्षण ले रहे हैं। सासाराम के जिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय की अध्यक्षता में वोट रक्षक का प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ है जिसमें जिले के कई कार्यकर्ता के अलावा जिला प्रभारी भी उपस्थित हुए।

बाईट जय प्रकाश पांडे (जिलाध्यक्ष)

— Awanish Kumar

अज्ञात बाइक की टक्कर से दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर



योगापट्टी। प्रखंड क्षेत्र के पिपरा कचहरी टोला चौक के समीप रविवार की सुबह अज्ञात बाइक की टक्कर से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान 18 वर्षीय जवाहिर कुमार और 16 वर्षीय रामजी कुमार के रूप में हुई है। हादसे में जवाहिर कुमार को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि रामजी कुमार को हल्की चोट लगी है। जानकारी के अनुसार, जवाहिर कुमार योगापट्टी थाना क्षेत्र के हरपुरवा गांव के नवका टोला निवासी हैं। उनके पिता का नाम रुदल चौधरी है। वहीं, रामजी कुमार हरपुरवा नई बस्ती के नवका टोला निवासी हैं। उनके पिता का नाम हरिनंद यादव बताया गया है। दोनों युवक एक ही बाइक से किसी काम से चनैनिया जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय पत्रकार तबरेज अजीज ने दोनों घायलों को सड़क पर देखा और तत्काल ई-रिक्शा की व्यवस्था कर उन्हें योगापट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉ. तारिक अनवर ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। जवाहिर कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया। इसके बाद तबरेज अजीज ने एंबुलेंस के लिए फोन कर घायल युवक को बेतिया भेजने की व्यवस्था की। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह भी अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना की जानकारी ली। पुलिस फरार बाइक सवार की पहचान और तलाश में जुट गई है।

— Amit kumar

स्थानीय

सुलतानगंज फोर लेन पर भीषण सड़क हादसा चालक कि हुई मौत



भागलपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

सुल्तानगंज फोरलेन पर भीषण सड़क हादसा, इंडियन ऑयल ट्रक चालक की मौके पर मौत

भागलपुर जिला अंतर्गत सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन पर गंगटी बाबा फूड प्लाजा के समीप भीषण सड़क हादसा हो गया। इंडियन ऑयल के एक ट्रक ने आगे खड़ी गिट्टी लदे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि इंडियन ऑयल ट्रक के चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया।मृतक के साला राजेश कुमार ने बताया कि प्रमोद महतो शुक्रवार को बरौनी से ट्रक में पेट्रोल लेकर निकला था। वह मां गायत्री फ्यूल, भगवानपुर धोरैया में तेल खाली करने के बाद अपने घर बेगूसराय जिले के अंबा, तेघड़ा लौट रहा था। इसी दौरान सुल्तानगंज के पास यह हादसा हो गया। मृतक की पहचान संतलाल महतो के पुत्र प्रमोद महतो के रूप में हुई है। बताया जाता है कि प्रमोद पिछले 15 वर्षों से ट्रक चलाने का काम कर रहे थे। उनके परिवार में दो बेटियां और दो बेटे हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एक सड़क हादसे ने पूरे परिवार से उसके कमाऊ सदस्य और बच्चों के सिर से पिता का साया छीन लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

— Awanish Kumar

प्रधानमंत्री ने भागलपुर कीचार विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास



भागलपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भागलपुर की चार विकास योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास, 3,363 करोड़ की बिजली परियोजना से बदलेगी क्षेत्र की तस्वीर

पीरपैंती सुपर थर्मल पावर प्लांट के लिए 3,363.01 करोड़ की मिली परियोजना

कहलगांव में 45.99 करोड़ से STP का होगा निर्माण

बिजली, शिक्षा, रोजगार और गंगा संरक्षण को मिलेगी नई गति

भागलपुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भागलपुर जिले से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।इनमें ऊर्जा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग की महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से भागलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति, औद्योगिक विकास, उच्च शिक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

पीरपैंती पावर प्लांट के लिए 3,363 करोड़ की संचरण परियोजना*

ऊर्जा विभाग की सबसे महत्वपूर्ण योजना पीरपैंती में प्रस्तावित 3×800 मेगावाट सुपर थर्मल पावर प्लांट से उत्पादित बिजली की निकासी के लिए अंतरराज्यीय संचरण परियोजना है। इस पर 3,363.01 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके माध्यम से लगभग 2,400 मेगावाट बिजली बिहार के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए संचरण व्यवस्था विकसित होगी। इससे राज्य के करीब एक करोड़ परिवारों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी।

वहीं, पावर प्लांट में लगभग 26,500 करोड़ रुपये के निवेश से निर्माण के दौरान 10 से 12 हजार रोजगार तथा करीब 3 हजार स्थायी रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है।

कहलगांव में बिजली आपूर्ति होगी मजबूत

कहलगांव ग्रिड उपकेंद्र में 2.87 करोड़ रुपये की लागत से दो 33 केवी फीडर बनाए जाएंगे। पहले फीडर से निर्माणाधीन 33 केवी राजगांव (बरमसिया) पावर सब-स्टेशन को जोड़ा जाएगा, जिससे लगभग 16 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। वहीं, दूसरे फीडर को पीरपैंती पावर सब-स्टेशन से वैकल्पिक विद्युत स्रोत के रूप में जोड़ा जाएगा। इससे करीब 40 हजार उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति में मदद मिलेगी।

साइंस ब्लॉक से विद्यार्थियों को मिलेगी आधुनिक सुविधा**

उच्च शिक्षा विभाग के तहत भागलपुर में 3.71 करोड़ रुपये की लागत से शैक्षणिक भवन (साइंस ब्लॉक) का निर्माण किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को नई विज्ञान प्रयोगशालाएं और कक्षाएं उपलब्ध होंगी। आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

45.99 करोड़ से कहलगांव में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट

नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत कहलगांव में 45.99 करोड़ रुपये की लागत से इंटरसेप्शन एंड डायवर्जन (I&D) तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) परियोजना तैयार की गई है। इसके तहत 6 एमएलडी क्षमता वाला सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। इससे नगर का गंदा पानी सीधे गंगा नदी में जाने से रुकेगा। सीवेज के उपचार से गंगा की जल गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

भागलपुर के विकास को मिलेगी नई रफ्तार**

शिक्षा, रोजगार, औद्योगिक विकास और शहरी आधारभूत संरचना को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत किया गया।जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया तथा अंत में उप विकास आयुक्त, भागलपुर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।जिला जनसंपर्क कार्यालय, भागलपुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन योजनाओं से जिले के समग्र विकास को गति मिलेगी और आम नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।

— Awanish Kumar

चन्द्रवंशी परिवर्तन सेना द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा



गयाजी स अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

चंद्रवंशी परिवर्तन सेना द्वारा निकाली गई शोभायात्रा,

समाज के लोगों को किया गया सम्मानित.

गया जी: शहर के धर्मसभा भवन के प्रांगण में चंद्रवंशी परिवर्तन सेना के द्वारा मगध सम्राट भगवान जरासंध की जयंती मनाई गई, साथ ही सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए. वहीं समाज के लोगों के द्वारा शोभा यात्रा भी निकाली गई, जो शहर के विभिन्न सड़क मार्ग से होते हुए गुजरी.

कार्यक्रम में शामिल चंद्रवंशी परिवर्तन सेना के जिला महासचिव उत्तम कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि मगध सम्राट भगवान जरासंध की जयंती मनाई जा रही है, इसी उपलक्ष्य में सम्मान सह शोभा यात्रा का आयोजन किया गया है, जिसमें समाज के हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए हैं. समाज में एकजुट और अखंडता बनी रहे, इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. आगे भी आने वाले समय में इसका आयोजन किया जाएगा वहीं. समाज के लोगों को सम्मानित करने का कार्य किया गया है.

बाइट- उत्तम कुमार चंद्रवंशी, जिला महासचिव, चंद्रवंशी परिवर्तन सेना.

— Awanish Kumar

स्वास्थ्य

कटिहार में पांच दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ



कटिहार, 22 नवंबर 2026:

जिले में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से आज रविवार को पांच दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान (22 से 26 नवंबर 2026) का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला पदाधिकारी श्री आशुतोष द्विवेदी ने सदर अस्पताल परिसर में नवजात एवं छोटे बच्चों को पोलियो की 'दो बूंद' दवा पिलाकर इस अभियान की औपचारिक शुरुआत की।

अभियान के मुख्य बिंदु:

• अवधि: यह विशेष टीकाकरण अभियान 22 नवंबर से 26 नवंबर 2026 तक लगातार पांच दिनों तक चलेगा।

• घर-घर जाकर टीकाकरण: अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो रोधी दवा पिलाएंगी।

• ट्रांजिट और मोबाइल टीमें: कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे, इसके लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, चौक-चौराहों और ईंट-भट्ठों पर विशेष ट्रांजिट एवं मोबाइल टीमों की तैनाती की गई है।

जिला पदाधिकारी की अपील

आशुतोष द्विवेदी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी बूथ पर ले जाकर या घर आने वाली स्वास्थ्य टीम के माध्यम से पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

— Raju Choudhary

स्थानीय

तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने नवादा के पाटनदेव गांव में महिला को कुचला, एक मौत



नवादा जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के पाटनदेव गांव में तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने एक महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और बाद में उसकी मृत्यु हो गई।

मृतका की पहचान पाटनदेव गांव की देवरी चौधरी की पत्नी दुलारी देवी के रूप में हुई है। वह शौच के बाद अपने घर लौट रही थीं, तभी तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

घटना की सूचना मिलने पर गोविंदपुर थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर नवादा सदर अस्पताल ले जाकर पोस्टमार्टम किया गया।

इस दुखद घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों ने रो-रोकर बुरा हाल व्यक्त किया है।

— Ramlakhan Kumar

स्थानीय

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हवाई मार्ग से पहुंचे सीतामढ़ी



सीतामढ़ी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

मुख्यमंत्री हवाई मार्ग से आज सीतामढ़ी पहुंचे।

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज रविवार को हवाई मार्ग से सीतामढ़ी पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां परिहार की भाजपा विधायक गायत्री देवी के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होने आए थे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शहर में जगह-जगह विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुख्यमंत्री निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

— Awanish Kumar

समाज के अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी की उठी मांग



योगापट्टी। प्रखंड क्षेत्र स्थित विवाह भवन में रविवार को नोनिया महासंघ की ओर से भव्य सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पश्चिम चंपारण सहित आसपास के जिलों से नोनिया समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता, राजनीतिक भागीदारी, आरक्षण, सामाजिक सम्मान और संवैधानिक अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज के हक और अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन संयोजक गोरख महतो ने किया, जबकि आयोजन की व्यवस्था बगही पुरैना के पूर्व सरपंच नरेश महतो ने संभाली। सम्मेलन में वक्ताओं ने केंद्र और बिहार सरकार के समक्ष नोनिया समाज की विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने नोनिया समाज की उपजातियों को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की सूची में उचित स्थान देने, बिहार में नोनिया आयोग का गठन करने तथा नोनिया जाति को मछुआरा सूची में शामिल करने की मांग की। इसके साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की नीतिगत योजनाओं में समाज को उचित आरक्षण एवं भागीदारी देने की बात कही गई। सम्मेलन में बेतिया विधायक रेणु देवी को मंत्री बनाए जाने तथा स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शहीद बुद्धू नोनिया को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग भी उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि नोनिया समाज की आबादी काफी अधिक होने के बावजूद राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में अपेक्षित भागीदारी नहीं मिल पा रही है। केंद्र और बिहार सरकार में समाज के लोगों को मंत्री पद पर उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी है। वहीं पश्चिम चंपारण जिले से समाज के किसी योग्य एवं शिक्षित व्यक्ति को विधान परिषद सदस्य बनाए जाने की मांग भी उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, संगठन और राजनीतिक जागरूकता बेहद जरूरी है। जब तक समाज के लोग एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक उन्हें अपेक्षित सम्मान और राजनीतिक भागीदारी मिलना मुश्किल है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के प्रति जागरूक होने तथा सामाजिक एकता को मजबूत बनाने की अपील की। सम्मेलन में संघ के अध्यक्ष रामू चौधरी, महासचिव दुर्गेश सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष आरती कुमारी, संयोजक गोरख चौधरी, राधेश्याम चौधरी, प्रेम चौधरी, राहुल कुमार, मुखिया डॉ. कैलाश महतो, जटा महतो और कपिल देव चौहान सहित नोनिया समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, संगठन और राजनीतिक जागरूकता बेहद जरूरी है। जब तक समाज के लोग एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक उन्हें अपेक्षित सम्मान और राजनीतिक भागीदारी मिलना मुश्किल है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के प्रति जागरूक होने तथा सामाजिक एकता को मजबूत बनाने की अपील की।

सम्मेलन में संघ के अध्यक्ष रामू चौधरी, महासचिव दुर्गेश सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष आरती कुमारी, संयोजक गोरख चौधरी, राधेश्याम चौधरी, प्रेम चौधरी, राहुल कुमार, मुखिया डॉ. कैलाश महतो, जटा महतो और कपिल देव चौहान सहित नोनिया समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

— Amit kumar

पिपराहियां गांव में घर से निकले युवक कि गला रेत कर हत्या



आरा से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

आरा शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपराहियां गांव में घर से निकले युवक की गला रेत हत्या कर फेंका गया शव तीसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव स्थित चिमनी भट्ठा के समीप नाला के समीप झाड़ी से रविवार की सुबह बरामद किया गया।वहीं परिजन द्वारा आधार हथियार से काट उसकी हत्या के शव फेक जाने का आरोप लगाया जा रहा है। शव के मिलने से गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पाकर मुफस्सिल थाना के अपर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपराहियां गांव वार्ड नंबर 3 निवासी बिंदा लाल यादव का 23 वर्षीय पुत्र संतोष यादव है। वह सपना सिनेमा स्थित मोटर गैरेज में हेल्पर का काम करता था।

— Awanish Kumar

स्वास्थ्य

सुगौली में पल्स पोलिया अभियान का शुभारंभ



मोतिहारी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

सुगौली में पल्स पोलियो अभियानका का शुभारंभ, विधायक बब्लू गुप्ता ने नवजात को पिलाई पोलियो की खुराक

पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ सुगौली विधायक ने फीता काटकर किया,और इस दौरान विधायक ने नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की मौजूदगी में अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर सुगौली विधायक ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान का मुख्य उद्देश्य पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक जरूर पिलाएं और स्वास्थ्य विभाग की टीम को सहयोग करें, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए।

विधायक ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ भविष्य ही समाज और देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. एम.ए. अशअद, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सराफ, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा, बीएचएम आदित्य रंजन, बीसीएम नितेश कुमार गिरी, नोडल अधिकारी डॉ. विनय शंकर सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

बाइट:- राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता, विधायक, सुगौली।

— Awanish Kumar

सुशासन दिवस कि तैयारी को लेकर रक्सौल जनता दल यूनाइटेड नगर कमिटी कि बैठक आयोजित



मोतिहारी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

सुशासन दिवस की तैयारी को लेकर रक्सौल पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल में जनता दल यूनाइटेड नगर कमिटी की बैठक नगर अध्यक्ष प्रदीप भारती कलवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 24 नवंबर 2026 को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन दिवस के अवसर पर मोतिहारी टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष सन्नी पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में गाड़ी, मोटरसाइकिल, झंडा और बैनर के साथ मोतिहारी पहुंचने की अपील की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भागीदारी को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

इस दौरान नगर प्रभारी वीरेंद्र सिंह, प्रखंड प्रभारी सह जिला महासचिव किशोरी पटेल, आदापुर प्रखंड प्रभारी एवं वरिष्ठ नेता मो. एतेश्याम, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, आदापुर प्रखंड अध्यक्ष मुकेश पटेल, जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव दिनेश प्रसाद और उषा श्रीवास्तव सहित कई नेताओं ने अपने विचार रखे।

बैठक में विनय कुमार, विजय प्रसाद, शंभू पासवान, राजाराम सोनकर, राजेश आर्या, संतोष राउत, गणेश पांडेय, रियाजुद्दीन मियां, अशोक पटेल, सूरज श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, रामानंद पटेल, धर्मदेव सिंह पटेल और कपिलदेव राम सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

— Awanish Kumar

स्थानीय

अररिया प्रखंड में बीस सूत्री बैठक में सीडीपीओ की अनुपस्थिति पर सदस्यों की नाराजगी



अररिया प्रखंड के बीस सूत्री की बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सदस्यों ने योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति पर चर्चा की।

बैठक के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि सीडीपीओ की लगातार अनुपस्थिति के कारण कार्यशैली पर सदस्यों में असंतोष उत्पन्न हुआ। सदस्यों ने सीडीपीओ की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और उनसे लगातार उपस्थित रहने की अपील की।

सदस्यों ने सीडीपीओ से यह भी कहा कि उनकी अनुपस्थिति से योजनाओं के कार्यान्वयन में देरी हो रही है और इससे क्षेत्रीय विकास पर असर पड़ रहा है।

सीडीपीओ को बैठक में बुलाया गया और उनसे भविष्य में समय पर उपस्थित रहने का वादा किया गया। बैठक के अंत में सभी ने मिलकर योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए एक कार्ययोजना तय की।

— Kanhaiya Kumar Jha

संसद सदस्य ने प्रधानमंत्री के स्वागत में हाजीपुर के विकास के सपनों को आगे बढ़ाया



हाजीपुर के सांसद ने आज प्रधानमंत्री के स्वागत और अभिनंदन को स्वीकार करते हुए, अपने संसदीय क्षेत्र में विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

संसद सदस्य ने अपने पिता और नेता श्रद्धेय रामविलास पासवान को याद किया, जिन्होंने दशकों तक क्षेत्र के विकास के लिए अथक प्रयास किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए हर कदम पर एक पिता की भूमिका निभाते रहे।

संसद सदस्य ने इस अवसर पर #ModijikDilmeinBihar हैशटैग के साथ अपने आभार का संदेश साझा किया।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

मटियारी वार्ड में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का प्रथम दिवस मनाया गया



मटियारी वार्ड नंबर 4 पाठशाला स्कूल के सामने स्थित फारबिसगंज में आज श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का प्रथम दिवस आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासी, पंडित और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पंडितों ने महापुराण की प्रमुख कथाओं का पाठ किया और श्रोताओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया।

संगठन समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम वार्षिक रूप से आयोजित किया जाएगा और अगले दिनों में महापुराण की अन्य कथाओं का पाठ जारी रहेगा।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्वास्थ्य

पूर्णिया के गैलेक्सी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान पिता का निधन, परिवार ने जताई गहरी शोक संवेदना



पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के भवानीपुर प्रखंड के श्रीपुर गांव निवासी प्रियांशु कुमार के पिता, श्री अमित कुमार जी, पूर्णिया के निजी अस्पताल गैलेक्सी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया। यह खबर मिलने पर रिपोर्टर ने तुरंत अस्पताल पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

अस्पताल में आवश्यक कदम उठाते हुए शव को बाहर निकलवाया गया और एम्बुलेंस की व्यवस्था कर पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव भेजने का प्रबंध किया गया। इस प्रक्रिया में अस्पताल के कर्मचारियों ने सहयोग किया, परंतु परिवार ने इस अचानक मृत्यु के कारणों पर स्पष्ट उत्तर नहीं प्राप्त किया।

निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों और उनके परिजनों के साथ आर्थिक शोषण, मनमानी और संवेदनहीनता की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। स्वास्थ्य सेवा को मानवता और सेवा का माध्यम होना चाहिए, न कि मजबूर लोगों के शोषण का जरिया।

रही है तथा जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया गया है। गरीब परिवारों को न्याय मिलने तक हमारी आवाज़ उठती रहेगी।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

अररिया में 23-24 नवंबर को अजीमुश्शान जलसा और कव्वाली मुकाबला-ए-कव्वाली का आयोजन



अररिया के सिमराहा मदरगंज में 23 और 24 नवंबर 2026 को दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 23 नवंबर को अजीमुश्शान जलसा और 24 नवंबर को सना वारसी (बनारस) तथा परवेज रंगीला (अररिया) के बीच मुकाबला-ए-कव्वाली का आयोजन होगा। कार्यक्रम दरगाह-ए-आलिया, दाता अब्दुल्ला सासारामी रहमतुल्लाह अलैह के दरबार पर आयोजित किया जा रहा है।

अजीमुश्शान जलसा में इस्लामी धार्मिक कार्यक्रम के साथ-साथ भक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

मुकाबला-ए-कव्वाली में सना वारसी और परवेज रंगीला अपनी-अपनी खूबसूरत आवाज़ से समां बांधेंगे।

आयोजनकर्ता ने सभी अहले अररिया और सीमांचल से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

अररिया के बीड़ी पुल पर नायक अफ़रोज़ मासूम को साहस एवं मानवता सम्मान से नवाज़ा गया



18 नवंबर की रात अररिया के बीड़ी पुल पर हुए दर्दनाक हादसे के दौरान, डिजिटल पत्रकार अफ़रोज़ मासूम ने अपनी जान की परवाह किए बिना नदी में छलांग लगाकर एक व्यक्ति की जान बचाई और बचाव कार्य में निरंतर जुटे रहे। इस वीरतापूर्ण कार्य के लिए उन्हें ‘साहस एवं मानवता सम्मान’ से सम्मानित किया गया।

संकट की घड़ी में अपनी सुरक्षा से ऊपर दूसरे की जिंदगी को रखने का उनका साहस, निस्वार्थ सेवा और संवेदनशीलता ने समाज के लिए एक प्रेरणादायी मिसाल पेश की।

अफ़रोज़ मासूम जी ने अपने अदम्य साहस और मानवता के साथ यह दिखाया कि एक सामान्य नागरिक भी आपात स्थिति में नायक बन सकता है।

उनका साहस और मानवता समाज के लिए मिसाल है, और इस सम्मान से यह स्पष्ट होता है कि निस्वार्थ सेवा को मान्यता और सम्मान दिया जाना चाहिए।

— Kanhaiya Kumar Jha

जीवनशैली

खाद कि हुई बोरियो से उठती दुर्गंध के बिच बच्चों कि पढ़ाई ओर भोजन कराया जा रहा है



मधुबनी जिला से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

खाद की बोरियों से उठती दुर्गंध के बीच बच्चों की पढ़ाई और भोजन कराया जा रहा है

कुमरखत पूर्वी पंचायत के वार्ड नंबर 14, जानकी नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 58 में रासायनिक खाद रखे जाने का मामला सामने आया है। खाद की बोरियों से उठती दुर्गंध के बीच बच्चों की पढ़ाई और भोजन कराया जा रहा है।केंद्र में बीते दो सालों से रसायनिक खाद का भंडार बना हुआ है। इसी खाद के बीच करीब चालीस बच्चों के भविष्य को सुधारा जाता है। केंद्र में रखे रसायनिक खाद का भंडार और उससे निकलने वाली दुर्गंध बच्चों के सेहत पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

सेविका शोभा कुमारी की मानें तो दो साल पहले पूर्व पैक्स अध्यक्ष के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में खाद की बोरी को रखा गया था।बिना किसी आदेश के आंगनबाड़ी केंद्र को गैस का गोदाम बना दिया है। जहां बच्चों का भविष्य को संभाला जाता है। सरकारी खाद होने की आशंका व्यक्त किया जा रहा है। हालांकि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी या एलएस द्वारा केंद्र की नियमित जांच की जाती तो शायद ऐसा मामला सामने नहीं आता। आंगनबाड़ी केंद्र में रखे खाद को लेकर ग्रामीण कारक नाथ व संजीव कुमार राम ने केंद्र की सेविका से शिकायत कर चुके हैं। बावजूद दो वर्षों में कुछ खाद की बोरी को हटाया गया। अभिभावकों ने विभागीय अधिकारियों को शिकायत नहीं किया है।

आपको बता दें कि बीते दो सालों से आंगनबाड़ी केंद्र पर खाद को रखा जा रहा है और केंद्र संचालन में खाद से दुर्गंध फैल रही है। इसी दुर्गंध के बीच बच्चों की पढ़ाई के साथ भोजन भी परोसा जा रहा है। इतने बड़े मामलें में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और एलएस द्वारा संज्ञान नहीं लेना। कहीं न कहीं प्रशासनिक चूक माना जा रहा है। केन्द्र में रखे खाद और उसी के भी बच्चों को खाना खिलाना। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ माना जा सकता है। विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमित जांच की जाती तो शायद ऐसी समस्या सामने नहीं आता।

इस मामलें में पूछे जाने पर सीडीपीओ प्रीति कुमारी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

केंद्र की सेविका शोभा कुमारी की मानें तो खाद हटाने को लेकर लगातार सूचना दिया जाता है। लेकिन नहीं हटाया जा रहा है।

इधर पूर्व पैक्स अध्यक्ष के पुत्र पप्पू कामत ने बताया कि खाद को हटा लिया जाएगा।

— Awanish Kumar

स्थानीय

बलवाहट बाजार में लगी आग



बलवाहाट बाजार में शॉर्ट सर्किट से भीषण अग्निकांड, आशीष इंटरप्राइजेज का गोदाम जलकर राख

सहरसा। सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत बलवाहाट बाजार में बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण अग्निकांड वेयहो गया। आग लगने से हार्डवेयर व्यवसायी जवाहर गुप्ता की दुकान आशीष इंटरप्राइजेज का गोदाम जलकर पूरी तरह राख हो गया। अगलगी की इस घटना में हार्डवेयर सामान, प्लाईवुड, रंग-पेंट सहित लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।

आग की विकराल लपटें देखकर बाजार में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर दमकल की एक छोटी गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद तीन बड़ी दमकल गाड़ियां पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता के कारण स्थिति पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सकी। अंततः जिला मुख्यालय से चौथी बड़ी दमकल गाड़ी पहुंची, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

इस अग्निकांड में व्यवसायी को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। घटना के बाद बाजार के व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।

— Awanish Kumar

ऑपरेशन मुस्कान के तहत85लोगों के गुम हुए मोबाइल वास्तविक धारक को मिला



गयाजी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

गया पुलिस का बड़ा कमाल! 'ऑपरेशन मुस्कान' से 85 लोगों के चेहरे पर लौटी खुशी, 25.50 लाख के मोबाइल बरामद।

मोबाइल खोने वालों के लिए खुशखबरी! गया पुलिस ने खोज निकाले 85 गुम मोबाइल, असली मालिकों को सौंपकर लौटाई मुस्कान।

गया पुलिस ने आम नागरिकों के गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन को बरामद करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस की तकनीकी टीम ने CEIR पोर्टल की मदद से जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल 85 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

दरअसल, गया जिले के विभिन्न थाना और ओपी क्षेत्रों में आम नागरिकों के मोबाइल फोन गुम होने और चोरी होने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देश पर जिले के सभी थानों में विशेष टेक्निकल टीम का गठन किया गया।

इस टीम ने तकनीकी संसाधनों और भारत सरकार के CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल की सहायता से गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रैक करने की कार्रवाई शुरू की। लगातार प्रयास और तकनीकी जांच के बाद पुलिस को यह बड़ी कामयाबी मिली और कुल 85 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन को वरीय पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिया गया। लंबे समय से अपने खोए हुए मोबाइल का इंतजार कर रहे लोगों के लिए यह किसी बड़ी राहत से कम नहीं है। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

बाईट सुशील कुमार एसएसपी गया

. गया

— Awanish Kumar, पटना

जीवनशैली

गयाजी जिला के पिरु वनतारा गांव मे अनोखी परंपरा



गयाजी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

पिरु-बनतारा की अनोखी परंपरा: मुस्लिम शादियों में गूंजते हैं राम-दशरथ के गीत, 700 साल पुरानी विरासत कायम

मड़वा में हल गाड़ने से लेकर हल्दी, सिंदूर और टोकरी में गृह प्रवेश तक निभाते हैं हिंदू रीति-रिवाज; धर्म बदला, लेकिन पूर्वजों की संस्कृति नहीं भूले परिवार

गया। बिहार के पिरु और बनतारा गांव सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल हैं। यहां मुस्लिम परिवारों की शादियों में राम और राजा दशरथ के गीत गाए जाते हैं। मड़वा में हल गाड़ने, हल्दी लगाने, सिंदूर की रस्म और टोकरी में पैर रखकर गृह प्रवेश जैसी परंपराएं आज भी निभाई जाती हैं। करीब 600-700 साल पुरानी यह विरासत पीढ़ियों से चली आ रही है।

औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड के इन गांवों के लोग बताते हैं कि उनके पूर्वज 14वीं शताब्दी में हिंदू भूमिहार परिवारों से जुड़े थे, जिन्होंने इस्लाम धर्म अपनाया। धर्म परिवर्तन के बाद भी पुराने पारिवारिक रिश्ते और रीति-रिवाज कायम हैं। बंभई, पिरु और बनतारा के परिवार आज भी शादी-विवाह और त्योहारों में एक-दूसरे के यहां आते-जाते हैं।

मथुरा चौधरी उर्फ गुलाम मुस्तफा खान का नौवीं-दसवीं पीढ़ी का वंशज बताते हैं। वहीं, स्वर्गीय अमानुल्लाह खान की पुस्तक 'पिरु एक परिचय' में गांव के इतिहास और परंपराओं का उल्लेख है। उनकी बेटी जीनत परवीन बताती हैं कि आज भी शादियों में सिंदूर, जूता लुकाई और टोकरी में पैर रखकर प्रवेश जैसी रस्में निभाई जाती हैं।

बनतारा गांव के लोग भी अपने पूर्वजों को केयालगढ़ के भूमिहार परिवार से जुड़ा बताते हैं। यहां के शकील खान, मकसूद खान और मोहम्मद जावेद के मुताबिक, हिंदू परिवारों से आज भी रिश्ते कायम हैं। शादी में मड़वा, हल गाड़ने, हल्दी और राम-दशरथ के गीतों का चलन जारी है।

कि पिछले महीने उनके बेटे की शादी में भी मड़वा, भतवान, हल्दी और राम-दशरथ के गीत गाए गए। बदलते समय में कुछ रस्में कम जरूर हुई हैं, लेकिन पिरु और बनतारा की कहानी आज भी साझा संस्कृति, पारिवारिक रिश्तों और भाईचारे की मिसाल पेश करती है।

— Awanish Kumar

बेमौसम बारिश से नवादा में धान की फसल बर्बाद, किसानों को मुआवजे की आशा



बेमौसम बारिश ने बिहार के नवादा जिले में किसानों की धान की फसल को गंभीर नुकसान पहुँचाया है। लगातार बारिश के कारण खेतों में जलजमाव हुआ, जिससे कई फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं।

हुआ है। खेती में लगाई गई पूंजी डूब गई, और परिवार के भरण-पोषण व अन्य जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई उत्पन्न हुई।

किसान बताते हैं कि महीनों की मेहनत पर बारिश ने पानी फेर दिया है और अब वे जिला प्रशासन से फसल क्षति का सर्वेक्षण व उचित मुआवजा देने की अपेक्षा कर रहे हैं।

प्रशासन से अपेक्षा है कि जलजमाव की स्थिति का त्वरित आकलन कर राहत कार्य शुरू किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता मिल सके।

— Ramlakhan Kumar